पत्रांक–09/श्रावणी मेला (बैठक)–IV-04/2026.......................................(9)/रा0

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

मोना झा,
उप निदेशक,
सर्वेक्षण कार्यालय।

सेवा में,

फैक्स/ई–मेल

पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना,

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव
वित्त विभाग/गृह विभाग/ऊर्जा विभाग/भवन निर्माण विभाग/परिवहन विभाग/स्वास्थ्य विभाग/पथ निर्माण विभाग/लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग/पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग/पर्यटन विभाग/जल संसाधन विभाग/आपदा प्रबंधन विभाग तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग, बिहार, पटना।

आयुक्त, भागलपुर प्रमण्डल, भागलपुर/मुंगेर प्रमण्डल, मुंगेर/तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/सारण प्रमण्डल, छपरा/पूर्णियाँ प्रमण्डल, पूर्णियाँ/दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा एवं मगध प्रमण्डल, गयाजी।

समाहर्त्ता, भागलपुर/ मुंगेर/ बांका/ जमुई/ बेगूसराय/ लखीसराय/ मुजफ्फरपुर/ पूर्वी चम्पारण/ वैशाली/ सारण/ पूर्णियाँ/ मधुबनी एवं जहानाबाद।

पुलिस अधीक्षक, भागलपुर/ मुंगेर/ बांका/ जमुई/ बेगूसराय/ लखीसराय/ मुजफ्फरपुर/पूर्वी चम्पारण/ वैशाली/ सारण/ पूर्णियाँ/ मधुबनी एवं जहानाबाद।

पटना–15, दिनांक–..............................

विषयः– श्रावणी मेला, 2026 की स्थानीय तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं, इत्यादि की समीक्षा हेतु दिनांक–21.05.2026 के पूर्वाह्न 11:30 बजे से माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के स्तर पर आहूत बैठक में भाग लेने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि **श्रावणी मेला, 2026 प्रारम्भ होने से** पूर्व मेला की स्थानीय तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं, इत्यादि की समीक्षा हेतु **माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–21.05.2026 (गुरुवार) के पूर्वाह्न 11:30 बजे से समीक्षा बैठक आहूत की गई है।** उक्त बैठक Hybrid Mode में होगी, जिसमें सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी भौतिक रूप से तथा सभी संबंधित जिला समाहर्त्ता एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी VC के माध्यम से भाग लेंगे।

उक्त बैठक में भागलपुर, बांका एवं मुंगेर कॉवरियाँ पथ श्रावणी मेला, 2026 की तैयारियों एवं राज्य के अन्य जिलों यथा–जमुई, लखीसराय, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, पू0 चम्पारण, वैशाली, सारण, पूर्णियाँ, मधुबनी एवं जहानाबाद जिलों में विभिन्न स्थलों पर श्रावणी मेला के आयोजन की व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं की समीक्षा की जायेगी। बैठक Hybrid Mode में निम्न प्रकार से होगी :–

(क) आयुक्त, भागलपुर प्रमण्डल, भागलपुर/मुंगेर प्रमण्डल, मुंगेर/तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/ सारण प्रमण्डल, छपरा/ पूर्णियाँ प्रमण्डल, पूर्णियाँ/ दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा एवं मगध प्रमण्डल गयाजी से अनुरोध है कि उक्त बैठक में VC के माध्यम से स्वयं भाग लेने की कृपा करेंगे।

(ख) जिला समाहर्त्ता, भागलपुर, मुंगेर, बांका, जमुई, बेगूसराय, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, वैशाली, सारण, पूर्णियाँ, मधुबनी एवं जहानाबाद से अनुरोध है कि उक्त बैठक में VC के माध्यम से स्वयं भाग लेने की कृपा करेंगे।

(ग) पुलिस अधीक्षक, भागलपुर, मुंगेर, बांका, जमुई, बेगूसराय, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, वैशाली, सारण, पूर्णियाँ, मधुबनी एवं जहानाबाद से अनुरोध है कि उक्त बैठक में VC के माध्यम से स्वयं भाग लेने की कृपा करेंगे।

(घ) विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मेला की तैयारियों से संबंधित प्रतिवेदन के साथ भौतिक रूप से उपस्थित होकर बैठक में भाग लेने की कृपा करेंगे।

सभी संबंधित समाहर्त्ताओं एवं पदाधिकारियों से अनुरोध है कि उक्त बैठक हेतु श्रावणी मेला, 2026 की जिलावार तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं से सम्बन्धित पी0पी0टी0/प्रतिवेदनादि (20 प्रतियों में) **दिनांक–18.05.2026** के अपराह्न 03:00 बजे तक (Hard copy & Soft copy) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को निश्चित् रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। साथ ही, श्रावणी मेला, 2026 की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं की समीक्षा हेतु आहूत **बैठक में ससमय भाग** लेने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(मोना झा),
उप निदेशक,
सर्वेक्षण कार्यालय।

ज्ञापांक–09/श्रावणी मेला (बैठक) IV-04/2026..........(9) दिनांक–..........

प्रतिलिपिः–माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव एवं मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
(मोना झा),
उप निदेशक,
सर्वेक्षण कार्यालय।

ज्ञापांक–09/श्रावणी मेला (बैठक) IV-04/2026 1330 (9) दिनांक– 16-05-2026

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/ सचिव के आप्त सचिव/ सभी विभागीय पदाधिकारी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/5/2026
(मोना झा),
उप निदेशक,
सर्वेक्षण कार्यालय।